## सेंट्रल जीएसटी की बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक: ऑनलाइन गेमिंग फर्मों पर छापा, 300 करोड़ की टैक्स चोरी का अनुमान

लोकल विभाग को भनक तक नहीं लगी; जबलपुर एंटी एवीजन ब्यूरो की टीम ने रातभर खंगाले दस्तावेज, 1 करोड़ मौके पर ही कराए जमा

सतना।

जिले में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सेंट्रल जीएसटी जबलपुर की एंटी एवीजन ब्यूरो (एईबी) टीम ने शनिवार देर रात शहर के एक रिहायशी इलाके में दबिश देकर ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी तीन प्रमुख फर्मों का भंडाफोड़ किया है। प्रारंभिक जांच में करीब 300 करोड़ रुपए की भारी-भरकम जीएसटी चोरी का अनुमान लगाया गया है। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फर्म संचालकों से मौके पर ही 1 करोड़ की राशि प्राथमिक तौर पर जमा करा ली है।

### एक ही पते पर चल रही थीं तीनों फर्में,डायरेक्टर भी सेम

यह पूरी कार्रवाई शहर के पुष्करणी पार्क के पास स्थित एक कॉलोनी में की गई। सूत्रों के मुताबिक, मुख्य रूप से 'गायजेक प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी के जरिए ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों का बड़ा नेटवर्क संचालित



किया जा रहा था। जब टीम ने गहराई से तफ्तीश की, तो इसी पते पर दो अन्य फर्में-'खेलब्रो प्राइवेट लिमिटेड' और 'स्किलब्रो प्राइवेट लिमिटेड' भी संचालित होती पाई गईं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन तीनों ही कंपनियों के निदेशक (डायरेक्टर) एक ही हैं,जो एक ही छत के नीचे से करोड़ों का टर्नओवर संभाल रहे थे।

### लोकल ऑफिस को रखा 'डार्क' में, बेहद गोपनीय रहा मिशन

जबलपुर से आई आधा दर्जन से अधिक आला अधिकारियों की इस स्पेशल टीम ने पूरी कार्रवाई को इस कदर गोपनीय रखा कि सतना स्थित सेंट्रल जीएसटी के स्थानीय कार्यालय को इसकी कानों-कान भनक तक नहीं लगी। स्थानीय पुलिस या स्टाफ को शामिल न करने का मकसद सूचना लीक होने से बचाना था,जिसमें टीम पूरी तरह कामयाब रही।

### दस्तावेज जब्त,जबलपुर में होगी गहन स्क्रूटनी

जीएसटी अधिनियम की धारा 67 के तहत कार्रवाई में टीम ने देर रात तक चली इस रेड में कंपनियों के कंप्यूटर,हार्ड डिस्क और वित्तीय लेन-देन से जुड़े तमाम संदिग्ध दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया है। जांच पूरी होने के बाद टीम सारा रिकॉर्ड अपने साथ जबलपुर मुख्यालय ले गई है। अधिकारियों के मुताबिक, इन ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स के जरिए बेहद पेचीदा और बड़े पैमाने पर वित्तीय ट्रांजैक्शन किए गए हैं।जब्त किए गए डिजिटल और कागजी दस्तावेजों की गहनता से कड़ियों को जोड़ा जा रहा है, जिसके बाद टैक्स चोरी का यह आंकड़ा और भी बड़ा हो सकता है। फिलहाल इस बड़ी कार्रवाई से शहर के व्यापारिक और सट्टा-गेमिंग सिंडिकेट से जुड़े हलकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## खबर संक्षेप



### सगमनिया को मिली 65 लाख के उप स्वास्थ्य केंद्र की सौगात

मैहर। मैहर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। ग्राम पंचायत चौपड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सगमनिया में 65 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। मैहर के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर फीता काटा और इस नवनिर्मित भवन को जनता को समर्पित किया।लोकार्पण समारोह के साथ ही विधायक ने क्षेत्र के विकास को गति देते हुए कई नई सीसी रोड एवं नालियों के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामखेलावन कोल अध्यक्ष जिला पंचायत सतना,अशोक तिवारी सीईओ,जनपद पंचायत मैहर,डॉ. पीयूष पाण्डेय बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग मैहर,श्रीमती हेमा शुक्ला आशा कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## झूलती बिजली लाइन में युवक का गला फंसने से हुई मौत

मंदिर जा रहे युवक की दर्दनाक मौत,भतीजा और पत्नी बाल बाल बचे



मैहर। मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विधुई खुर्द में रविवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सड़क के ऊपर झूल रही एलटी बिजली लाइन के तार में गला फंस जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार,ग्राम विधुई खुर्द निवासी अनिल कुमार पटेल (35 वर्ष),अपनी पत्नी और भतीजे के साथ बाइक से रामगढ़ स्थित मंदिर जा रहे थे। सुबह करीब 5:38 बजे रास्ते में जंफर से टूटा एलटी बिजली का तार सड़क पर नीचे झूल रहा था। इसी दौरान चलती बाइक पर सवार अनिल कुमार पटेल का गला तार में फंस गया, जिससे उनके गले में गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में उनकी पत्नी और भतीजा सुरक्षित बच गए। घटना को लेकर विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर रविकिरण द्विवेदी ने बताया कि रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही के कारण किसी वाहन की टक्कर से एलटी लाइन नीचे आ गई होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि तार में करंट नहीं था,क्योंकि जंफर से कनेक्शन टूट जाने के कारण विद्युत प्रवाह बंद हो चुका था। विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचकर लाइन सुधार का कार्य कर रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मीजल्स ने फिर ली मासूम की जान, 6 बच्चे अब भी पीड़ित

आंगनबाड़ी और स्कूलों को 7 दिन बंद करने की सिफारिश

मैहर। मैहर जिले में मीजल्स (खसरा) का संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। सतना,मैहर,नागौद और मझगवां क्षेत्रों में लगातार सामने आ रहे मामलों के बीच मैहर के अजमाइन गांव में 3 वर्षीय मासूम की मौत ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि बच्चे की गंभीर हालत की जानकारी स्वास्थ्य अमले को थी,ब्लड सैंपल भी लिया गया था लेकिन उसे अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया। बाद में उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इसी गांव के पटेल मोहल्ला में अब तक छह बच्चे मीजल्स पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें शरीर में दाने,बुखार डायरिया और सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण मिले थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सैंपलिग कराई गई जिसमें 6 बच्चों में खसरे की पुष्टि हुई।

### पन्ना से आया है संक्रमण

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.सुचित्रा अग्रवाल के अनुसार संक्रमण की शुरुआत पन्ना से आए 9 वर्षीय पीयूष पटेल से हुई। उसे 25 मई को बुखार आया था और 30 मई को बिरला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उसके छोटे भाई प्रद्युम्न पटेल को संक्रमण हुआ। जब यह परिवार मैहर के अजमाइन गांव स्थित रिश्तेदारों के यहां पहुंचा तो संपर्क में आने से 3 वर्षीय उमंग पटेल और पांच वर्षीय चिराग पटेल भी संक्रमित हो गए। अब तक चिराग पटेल (5 वर्ष) उमंग पटेल (3 वर्ष),सखैरुन निशा (1 वर्ष),तमन्ना मोहम्मद (5 वर्ष),ऋषि पटेल (5 वर्ष) और कार्तिक पटेल (4 वर्ष) में मीजल्स की पुष्टि हुई है।

### स्वास्थ्य अमले को थी जानकारी फिर भी नहीं बच सकी जान

परिजनों के अनुसार उमंग को 6 जून से शरीर में दाने,बुखार और उल्टी-दस्त की शिकायत थी। सूचना मिलने पर सीएचओ ने ओआरएस उपलब्ध कराया। 9 जून को एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ.प्रदीप गौतम ने क्षेत्र का भ्रमण किया और 10 जून को बच्चे का ब्लड सैंपल लिया गया। इसके बावजूद उसकी हालत बिगड़ती रही। 11 जून को तबीयत अधिक खराब होने पर पहले स्थानीय चिकित्सक को दिखाया गया। राहत नहीं मिलने पर परिजन उसे सिविल अस्पताल मैहर लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं उसका बड़ा भाई चिराग पटेल समय पर अस्पताल पहुंच गया और उपचार मिलने के बाद स्वस्थ हो गया।

### मौत के बाद आई रिपोर्ट लापरवाही पर उठे सवाल

सूत्रों के मुताबिक उमंग की मौत 11 जून को हुई थी,जबकि उसकी मीजल्स पॉजिटिव रिपोर्ट 15 जून को प्राप्त हुई। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और उपचार व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी ने भी माना कि आउटब्रेक रिस्पांस इम्यूनाइजेशन (ओआरआई) गति विधियों के बावजूद क्षेत्र में नियमित फॉलोअप नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि संबंधित एएनएमए सीएचओ और आशा कार्यकर्ता द्वारा अपेक्षित स्तर पर निगरानी नहीं की गई।

### सीएमएचओ ने मैहर कलेक्टर को लिखा पत्र

संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए सीएमएचओ डॉ.मनोज शुक्ला ने मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी को पत्र लिखकर अजमाइन गांव के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को 7 दिन के लिए बंद करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आउटब्रेक नियंत्रण की गतिविधियों के बावजूद नए मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने के लिए कक्षा 8तक के विद्यार्थियों को अवकाश देने और क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय बंद रखने की जरूरत है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति रोककर हितग्राहियों को टेक होम राशन घर-घर पहुंचाने का सुझाव भी दिया गया है।

## मां शारदा प्रबंधन समिति के पांच कर्मचारियों का वेतन रोका गया

## मैहर कलेक्टर का बड़ा एक्शन लापरवाही और करोड़ों के नुकसान पर सख्ती

मैहर। मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने मां शारदा प्रबंधन समिति के पांच कर्मचारियों का वेतन रोकने का बड़ा आदेश जारी किया है। बताया जा रहा है कि लचर कार्यशैली और लापरवाही के चलते यह कार्रवाई की गई है। कर्मचारियों पर आरोप है कि जिम्मेदारी से काम न कर पाने और लापरवाही के कारण समिति को करोड़ों रुपए की हानि पहुंची है। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई की जद में आए ओएस अरविद नामदेव (उप यंत्री), शैलेंद्र सिंह (उप यंत्री), सी बी सिंह, अजय सनाड्य और राजेश बाढ़ोलिया (एकाउंटेंट) है।

### कैसे आया मामला सामने

बताया जा रहा है कि समिति के ओएस विगत दिनों वेतन जारी करने की नोट सीट लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे थे। इस दौरान काम में देरी और समय पर काम न होने को लेकर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने सभी संबंधित कर्मचारियों के वेतन रोकने के निर्देश जारी कर दिए गए। जांच में सामने आया कि समिति द्वारा संचालित यात्री निवास,पार्किंग और सुलभ कांप्लेक्स जैसे ठेकों से समय पर



किराया वसूल नहीं किया गया। इसके अलावा बिजली का बिल जमा न करने जैसी लापरवाहियां भी सामने आईं। ठेका नियमों का पालन न होने से ठेकेदारों ने समिति को लाखों-करोड़ों रुपए की चपत लगाई,जिसकी जिम्मेदारी सीधे संबंधित अधिकारियों पर डाली जा रही है।

### रिकवरी न होने पर और सख्ती के संकेत

मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द रिकवरी नहीं हुई तो कर्मचारियों के खिलाफ आगे और बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस चेतावनी के बाद समिति के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है और अब सभी नुकसान की भरपाई में जुट गए हैं।बताया जाता है कि कि इससे पहले भी हो चुकी है कार्रवाई। इससे पहले भी कलेक्टर मुखर्जी समिति के कर्मचारी प्रमोद शर्मा का वेतन रोक चुकी हैं। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरा प्रभारी शैलेंद्र सिह को कार्य के प्रति गैर-जिम्मेदार माने जाने पर सेवा से हटाया जा चुका है।

### क्या प्रशासनिक सख्ती टिक पाएगी?

सवाल यह उठता है कि जब प्रशासन व्यवस्था सुधारने के लिए बड़ी कार्रवाई का मन बनाता है,तो क्या इसमें राजनीतिक दबाव आड़े नहीं आता। कई बार देखा गया है कि प्रशासन ऐसी कार्रवाइयों में शुरुआत में सख्त रुख दिखाता है,लेकिन सिस्टम और राजनीतिक दबाव के आगे लापरवाह कर्मचारियों के सामने कानून बौना साबित होता दिखता है,जिससे उनकी लापरवाही को बल मिल जाता है और वे अपनी नाकामी छिपाने में कामयाब हो जाते हैं।

## 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: सतना और मैहर में उत्साह,'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधरोपण



सतना।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में रविवार को जिला स्तरीय योग कार्यक्रम गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्य आतिथ्य के साथ-साथ महापौर योगेश ताम्रकार,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह, नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह और एसडीएम सुभाष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी,कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों और नागरिकों ने एक साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

एक वृक्ष केवल पर्यावरण को ही सुरक्षित नहीं करता,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ,स्वस्थ और हरित भविष्य की मजबूत नींव भी रखता है। अमृत पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।मैहर में सरस्वती स्कूल में सुना गया प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन

मैहर स्थित सरस्वती स्कूल के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव वर्चुअल संबोधन और योग कार्यक्रम का सामूहिक अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती चंचल नागर,एसडीएम श्रीमती दिव्या पटेल,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,सत्यभान सिंह,संतोष सोनी और कुलदीप तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।



## स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली को समर्पित

निरंकारी मिशन का योग दिवस

सतना। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्थानीय संयोजक महात्मा डाक्टर जे.पी.सेवानी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि संत निरंकारी मिशन की शाखा सतना सिंधी कैंप स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में भी योग दिवस उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों, सेवादल स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। अनुभवी योग प्रशिक्षक महात्मा विक्रम चांदवानी के मार्गदर्शन में आयोजित योग सत्र में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। सतगुरु माता जी अक्सर अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन' का उल्लेख करते हुए बताते है कि हमारा शरीर निरंकार प्रभु की देन है जिसे स्वस्थ रखना हमारा मूल कर्त्तव्य है इसलिए दीर्घायु और सक्रिय सफल जीवन के लिए योग नितांत आवश्यक है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी,जिसने यह संदेश दिया कि वास्तविक स्वास्थ्य शारीरिक,मानसिक और आत्मिक संतुलन का समन्वित स्वरूप है। इसी भावना के अनुरूप संत निरंकारी मिशन ने योग को आत्मजागृति,अनुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि का सशक्त माध्यम बताते हुए जन-जागरूकता को प्रोत्साहित किया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिन्दर सुखीजा के अनुसार,मिशन द्वारा देशभर के 1500 से अधिक केंद्रों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए,जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य,मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना था। निसंदेह निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित यह जनकल्याणकारी अभियान समाज को स्वास्थ्य,जागरूकता और सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति प्रेरित करते हुए समग्र कल्याण का संदेश प्रदान करता है।




## विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने धारकुंडी आश्रम में लिया आशीर्वाद, स्व.शंकरलाल तिवारी को दी श्रद्धांजलि

सतना। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर अपने सतना जिले के प्रवास के दौरान धर्म और संवेदना के विविध रूपों में नजर आए। श्री तोमर ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल धारकुंडी स्थित परमहंस आश्रम पहुंचकर साधु-संतों के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने आश्रम की आध्यात्मिक ऊर्जा की सराहना की। इसके पश्चात,विधानसभा अध्यक्ष सतना शहर स्थित पूर्व विधायक दिवंगत शंकरलाल तिवारी के निवास स्थान पहुंचे। वहाँ उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और स्व.तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध जन भी उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## देवेंद्रनगर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे



**देवेंद्रनगर।** नगर परिषद देवेंद्रनगर में यातायात व्यवस्था दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। बमुरी रोड से लेकर सलेहा रोड, सब्जी मंडी, सतना रोड, बस स्टैंड और पन्ना रोड तक जाम की समस्या आम हो गई है। सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के प्रमुख बाजारों और चौराहों पर लोग अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर खरीदारी करने चले जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। कई स्थानों पर सड़क का बड़ा हिस्सा वाहनों और अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया है। इसके बावजूद न तो वाहन मालिक नियमों का पालन कर रहे हैं और न ही संबंधित विभाग द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सब्जी मंडी, बस स्टैंड और मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थिति सबसे अधिक गंभीर है। यहां जाम लगने से राहगीरों, व्यापारियों, स्कूली छात्रों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। नगरवासियों का आरोप है कि पुलिस और नगर परिषद दोनों ही इस गंभीर समस्या पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई हो और अतिक्रमण हटाया जाए तो लोगों को राहत मिल सकती है। नगर के नागरिकों ने प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर परिषद से मांग की है कि बढ़ती जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि देवेंद्रनगर की यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

## डिघौरा में चोरी, खेर माता प्रांगण से घंटियां (घण्टे) गायब



**गुनौर।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डिघौरा से एक बेहद संदेहास्पद और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला मामला सामने आया है। ग्राम डिघौरा में लोगों की गहरी आस्था का केंद्र माने जाने वाले श्री चण्डी देव खेर माता प्रांगण को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। मिली जानकारी के अनुसार, बीती 18 तारीख की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर परिसर से लगभग 12 से 15 घंटे (घंटियां) चोरी कर लिए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि श्री चण्डी देव खेर माता का स्थान पूरे क्षेत्र में अत्यंत पूजनीय है और रोज की तरह जब लोग सुबह मंदिर पहुंचे, तब उन्हें इस चोरी की घटना का पता चला। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में घंटियों के गायब होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश और निराशा का माहौल है।

**पुलिस जांच में जुटी, फिलहाल सुराग नहीं-** घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। हालांकि, घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक चोरी गए घंटों और आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए और इस चोरी का जल्द से जल्द खुलासा कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## गुनौर से मढ़ी मोड़ सड़क के चौड़ीकरण की पुरजोर मांग

**पन्ना।** पन्ना जिले के गुनौर से निकलकर लुहरगांव,कटन ,गिरवारा,सेमरी से मढ़ी मोड़ तक की सड़क अत्यंत संकीर्ण है ,इसके चौड़ीकरण की मांग काफी दिनों से उठती आई है लेकिन जनहित के मुद्दे पर जिम्मेदारों नजरअंदाजी समझ से परे है,समय समय पर सांसद ,क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने5 बहुप्रतीक्षित सड़क के चौड़ीकरण के लिए पत्राचार भी किया लेकिन कुम्भकर्णी निद्रा में सो रहे विभागीय जिम्मेदारों की नींद कब टूटेगी यह तो आगामी समय ही तय करेगा।इस सड़क मार्ग की लंबाई लगभग 32 कि मी है,इस सड़क मार्ग का अधिकांश भू भाग पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा में आता है मात्र तनिक सा क्षेत्र सतना जिले की नागौद विधानसभा से होते हुए नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग में जुड़ जाता है। अमानगंज से लेकर गुनौर, नागौद,सतना के लिए यह अत्यंत सुगम मार्ग है,यदि इस सड़क मार्ग को तकनीकी मापदंडों के तहत ब्यवस्थित ढंग से बनाया जाए तो इस मार्ग पर चलने वाले यात्रियों और वाहनों को आवागमन में कम बाधाएं आएंगी। भारी वाहनों के आवागमन से सड़क के उड़ जाते है परखच्चे आये दिन होती है सड़क दुर्घटनाएं पन्ना जिलेवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग उद्योग विहीन पन्ना को कब मिलेगा

# योग को जन-जन का संस्कार बनाएं, स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की नींव- बृजेंद्र प्रताप सिंह

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर में सामूहिक योगाभ्यास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का किया श्रवण



**पन्ना।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पन्ना नगर स्थित श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने स्कूली बच्चों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने कोलकाता से वर्चुअली देशवासियों को संबोधित कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन भी सामूहिक रूप से सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की हजारों वर्षों पुरानी अमूल्य धरोहर है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और शांति का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। प्रधानमंत्री ने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।प्रधानमंत्री के उद्बोधन के उपरांत विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता मिलने के बाद भारत की सांस्कृतिक विरासत को पूरी दुनिया ने अपनाया है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, असंतुलित जीवनशैली और विभिन्न बीमारियों के बीच योग सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी उपाय है। योग व्यक्ति को निरोगी बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच भी प्रदान करता है। यदि प्रत्येक नागरिक नियमित योग करे तो स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र का लक्ष्य सहजता से प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे मोबाइल और डिजिटल जीवनशैली के बीच प्रतिदिन कुछ समय योग एवं प्राणायाम के लिए अवश्य निकालें। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, भाजपा उपाध्यक्ष कमल लालवानी, कलेक्टर ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मराबी, कविता रैकवार, रत्नेश पटेरिया, राजकुमार वर्मा, संजय सिंह परिहार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम तथा स्वस्थ, निरोग और विकसित भारत के संकल्प के साथ किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल में वनकर्मियों एवं ग्रामीणों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वनकर्मियों, ग्राम वन समितियों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। शाहनगर परिक्षेत्र के बोरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति महेबा के वनरक्षक प्रेम नारायण वर्मा के साथ वन समिति अध्यक्ष भूरा बंजारा, पूर्व सरपंच रामा बंजारा, जनप्रतिनिधि मोहन विश्वकर्मा, केशव प्रसाद दहायत एवं समिति सदस्यों ने सहभागिता की। रैपुरा परिक्षेत्र में उपवनक्षेत्रपाल अशोक पांडे, वनरक्षक प्रेमशंकर ठाकुर, सुमंत सिंह एवं लक्ष्मीकांत तिवारी की उपस्थिति में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं बघवार वन चौकी में वनपाल रंजना नागर, वनरक्षक रजनीश चौरसिया, बद्री यादव तथा समिति सदस्यों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कैल्दा परिक्षेत्र के श्यामगिरि में आयोजित कार्यक्रम में उपवनक्षेत्रपाल ओमप्रकाश शर्मा, वनरक्षक संदीप सिंह बघेल, विजय सिंह भदौरिया, राजेश धुर्वे एवं स्थानीय ग्रामीणों तथा समिति सदस्यों ने योग किया। मोहन्द्रा परिक्षेत्र में बीट मड़वा स्थित शासकीय हाई स्कूल में वनरक्षक गौरव दीक्षित के मार्गदर्शन में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी प्रकार बीट फतेपुर लाखनचोरी में वनरक्षक प्रकाश प्रजापति एवं बीट जमुनहा में वनरक्षक अभिनव पांडे द्वारा वन सुरक्षा समिति सदस्यों के साथ योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम एवं ध्यान का अभ्यास किया। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश देते हुए स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान किया।




## अमानगंज में उत्साह के साथ मनाया गया विश्व योग दिवस, शासकीय कन्या विद्यालय में हुआ भव्य आयोजन





**अमानगंज।**

आज दिनाँक 21 जून 2026 को भारत सहित समूचे विश्व में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में नगर अमानगंज के विभिन्न विद्यालयों में भी योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संस्था प्राचार्य मनीष कुमार रेजा के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

### मां सरस्वती के पूजन से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और रोली-तिलक लगाकर की गई। इसके तुरंत बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संदेश का लाइव प्रसारण सुना।

### योग अभ्यास और व्याख्यान

प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक अशोक असाटी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों और शिक्षकों को स्फूर्ति व्यायाम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का गहन अभ्यास कराया। इसके बाद विभिन्न वक्ताओं ने जीवन में योग के महत्व और उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य मनीष कुमार रेजा ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

ये रहे उपस्थित - इस गरिमामयी अवसर पर नगर की प्रथम नागरिक नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप अवस्थी, और भाजपा जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार अमित द्विवेदी, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, अशोक असाटी, विमल अग्रवाल, रविकांत सोनी और विद्यालय स्टाफ से शिक्षक आशीष खरे, पुष्पेंद्र बागरी, आशीष सोनी, राजेश पांडे, चंद्रभान सिंह, अटल गोस्वामी, शिक्षिका श्रीमती रेखा पांडे, श्रीमती रमा त्रिपाठी, श्रीमती ममता गुप्ता से महेंद्र कोरी व शशि उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में खली शिक्षक और छात्राओं की कमी

एक तरफ जहां योग दिवस को लेकर उत्साह था, वहीं दूसरी ओर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के इस कार्यक्रम में संख्या बल की भारी कमी देखने को मिली। आयोजन में गिनी-चुनी छात्राओं की ही उपस्थिति रही। साथ ही, चिन्हित स्टाफ के अलावा विद्यालय के अधिकांश शिक्षक और शिक्षिकाएं कार्यक्रम से पूरी तरह नदारद रहे, जो नगर में चर्चा का विषय बना रहा।

## श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर पहुंचकर विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने दिया श्रीमद् भागवत कथा का आमंत्रण



**पन्ना।**

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा एवं भक्ति महोत्सव के लिए पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर पहुंचकर प्रणामी समाज के श्रद्धालुओं एवं गणमान्यजनों को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने समाज से आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की। विधायक श्री सिंह ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का लाभ लेने का आग्रह किया।

### 15 जुलाई को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

आयोजन समिति के अनुसार 15 जुलाई 2026 को श्री राम जानकी मंदिर से भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए ठाकुर श्री जुगलकिशोर जी मंदिर पहुंचेगी। कलश यात्रा के साथ ही गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ होगा।

### 16 जुलाई से प्रारंभ होगी श्रीमद्भागवत कथा

16 जुलाई से 22 जुलाई 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। इसके साथ ही भक्तमाल मूल पारायण, भजन संध्या एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके पश्चात 23 जुलाई से 27 जुलाई तक भक्तमाल कथा एवं रासलीला का आयोजन प्रस्तावित है।

### गुरु पूर्णिमा पर होगा समापन

आयोजन का समापन 29 जुलाई 2026 को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर होगा। इस दिन गुरु पूजन, विशेष धार्मिक अनुष्ठान, संत प्रवचन तथा विशाल भंडारा (प्रसादी) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की जाएगी।

### ट्रस्ट ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

इस अवसर पर श्री 108 प्राणनाथ जी ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक को आयोजन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक जागरण का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में प्रणामी संप्रदाय के विद्वान पंडित खेमराज शर्मा, विदुषी रंजना दुबे, कमलावती शर्मा, मंदिर पुजारी पवन शर्मा, अल्पेश शर्मा, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिन प्रेम शर्मा, ट्रस्टी डी.के. दुबे, प्रेम शर्मा, चिदानंद शर्मा, सिंपू शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत शर्मा, मंदिर के पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं समाज की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी ने कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

# संदीपनी विद्यालय पवई में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**पवई।**

संदीपनी विद्यालय, पवई में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, विद्यालय स्टाफ तथा अतिथियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) समीक्षा जैन रहीं। उनके साथ तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय, जनपद पंचायत पवई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय, विद्यालय प्राचार्य रामकृष्ण नगाइच, सुखसागर कुँवर, रवि सिंह, प्रहलाद नामदेव शिक्षक, प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, जमुना खटीक तथा भाजपा महामंत्री प्रतीक ताम्रकार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में कोलकाता से प्रसारित प्रधानमंत्री के योग दिवस समारोह का सीधा प्रसारण भी देखा गया। प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरित होकर सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्साह एवं अनुशासन की सराहना करते हुए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।





## जिला पंचायत अध्यक्ष की सराहनीय पहल क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य लाभ हेतु लगवाया एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**पवई।**

रविवार 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला पंचायत पन्ना के अध्यक्ष श्रीमती मीना पुष्पराज राजे के संयुक्त तत्वाधान में पवई नगर के मंगल भवन परिसर में एक दिवसीय निशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण महाकौशल के पहले हृदय चिकित्सालय गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर और चांडक हॉस्पिटल कटनी के वरिष्ठ फिजिशियन और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष गट्टानी एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल के द्वारा क्षेत्र भर से आए हुए लगभग 180 पंजीकृत लोगों का हृदय से संबंधित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,साथ ही उन्हें आवश्यक सुझाव और दवाइयां भी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कुछ समय पहले जब उनके पति पुष्पराज सिंह बीमार थे तभी से उनके मन में यह विचार आ रहा था कि क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों के लिए जो इलाज और जांच करने में सक्षम नहीं होते उनके लिए निशुल्क इस तरह का आयोजन किया जाए।






## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत, सरकारी सिस्टम में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद लोगों को समय से नहीं मिल रही सुविधाएं, जिम्मेवार जैन प्रतिनिधि तथा अधिकारी है

**पन्ना।**

सरकार द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के लिए तथा लोगों को तत्काल राहत देने की नाम पर करोड़ों रुपए की राशि विभिन्न सेवाओं के लिए खर्च की जा रही है लेकिन उसका लाभ आम लोगों को समय से उपलब्ध नहीं हो रहा है एंबुलेंस सुविधा आयुष्मान कार्ड सुविधा निशुल्क दवाई सुविधा सहित अनेक सुविधा देने के नाम पर सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग को अलग से बजट देने की व्यवस्था की गई है बजट तो दिया जाता है लेकिन समय से सुविधाएं लोगों को नहीं मिलती हैं जिससे इलाज के अभाव में आए दिन लोगों की मौतें हो रही हैं इसी प्रकार का मामला सामने आया है बीती 20 जून की रात्रि ग्राम पडरहा तहसील अजयगढ़ निवासी विद्या बाई कुशवाहा ने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया था जिससे उसकी हालत बिगड़ गई घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी गई लगभग तीन घंटा बाद एम्बुलेंस गांव पहुंची जब तक मरीज की हालात और खराब हो गई अजयगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार मिलने के बाद जिला चिकित्सालय पन्ना लाया गया लेकिन इलाज के दौरान विद्या बाई की मौत हो गई मौत होने के बाद दूसरे दिन 21 जून को मृत महिला का पोस्टमार्टम किया जाना था महिला के पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को भारी परेशान होना पड़ा लगभग 5 घंटा बाद सब का पोस्टमार्टम किया गया।। जिससे लोगों में आक्रोश का माहौल व्याप्त है लोगों का कहना है कि जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारी जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई बात नहीं करते हैं सिर्फ नेतागिरी चमकते हैं जिला कलेक्टर उषा परमार को लगभग 8 माह पन्ना में हो गए हैं लेकिन एक भी दिन वह जिला चिकित्सालय निरीक्षण करने नहीं गई इस प्रकार की लापरवाही बड़े अधिकारियों की भी सामने आ रही है।



## खबर संक्षेप



### पेड़ से गिरकर युवक घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

छतरपुर। जिले के काटी गांव में आम तोडऩे के दौरान एक युवक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार दोपहर करीब 2 बजे की बताई जा रही है। घायल युवक को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के काटी गांव निवासी अमित खरे अपने दोस्तों के साथ आम तोडऩे गया था। आम तोडऩे के लिए वह पेड़ पर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। हादसे में अमित के सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे संभाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार घायल युवक की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

### मृतक बेटी के पिता ने पुलिस पर लगाया रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप, एसपी और डीआईजी से लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर। पर्यटन नगरी खजुराहो के सेवाग्राम मोहल्ले से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ एक पिता ने अपनी बेटी के साथ अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और फिर नृशंस हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं कलेक्टर छतरपुर को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की मांग की है। पीड़ित पिता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और सिर्फ गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पीड़ित आवेदक टुन्डे साहू तनय कुन्जू साहू निवासी सेवाग्राम, खजुराहो द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, वर्ष 2018 में आरोपियों द्वारा आवेदक के पुत्र शंकर साहू को गायब कर दिया गया था। इसके बाद आरोपियों ने आवेदक के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसे आवेदक की पुत्री राजकुमारी साहू ने देख लिया था। शिकायत के मुताबिक चोरी की घटना का खुलासा होने के डर से बौखलाए आरोपी ग्यासी प्रताप रैकवार और उसके तीनों पुत्रों व दोनों दामादों ने मिलकर एक खौफनाक साजिश रची। आवेदन में बताया गया कि गत 12 मई 2026 को आरोपियों ने राजकुमारी साहू को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसकी निर्मम हत्या कर दी। आरोपियों ने मृतका के शव को सेवाग्राम स्थित बस्ती तालाब में फेंक दिया, जो घटना के तीन दिन बाद पानी में तैरता हुआ बरामद हुआ था। पीड़ित पिता का कहना है कि बेटी के लापता होने पर उन्होंने 12 मई को ही खजुराहो थाने में सूचना दी थी। शव मिलने और आरोपियों की संलिप्तता का पता चलने के बाद जब वे थाने में हत्या व बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

**जेल में दिखा जेलर का असर, बंदियों को सुविधाएं और केंटीन से अवैध वसूली पर लगाम**

# छतरपुर जिला जेल की कमान अब योगेन्द्र पमार के हाथों में, जेल मुख्यालय ने की स्थाई पदस्थापना

छतरपुर। जिला जेल छतरपुर में पिछले लगभग पांच माह के दौरान हुए प्रशासनिक सुधारों और अनुशासनात्मक व्यवस्थाओं को देखते हुए जेल मुख्यालय ने बड़ा फैसला लिया है। जेल महानिदेशक (डीजीपी) डॉ. वरुण कपूर ने रीवा से अस्थायी रूप से छतरपुर भेजे गए जेलर योगेन्द्र पमार को अब स्थायी रूप से जिला जेल छतरपुर में जेलर पद पर पदस्थ कर दिया है। इसके साथ ही प्रभारी जेल अधीक्षक का दायित्व भी उनके पास ही रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

गौरतलब है कि जनवरी माह में जिला जेल छतरपुर में लगातार घटित हो रही घटनाओं और व्यवस्थागत कमियों के कारण जेल प्रशासन की छवि प्रभावित हो रही थी। स्थिति को सुधारने के लिए जेल मुख्यालय ने तत्कालीन जेलर दिलीप जाटव को रीवा अटैच करते हुए रीवा में पदस्थ जेलर योगेन्द्र पमार को छतरपुर भेजा था। अब दिलीप जाटव की पदस्थापना हरदा जेल में जेलर के रूप में की गई है।योगेन्द्र पमार ने जनवरी में प्रभार संभालते ही जेल की व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार शुरू किए। प्रारंभिक दौर में उन्हें कुछ बंदियों और कर्मचारियों के विरोध का सामना भी करना पड़ा, लेकिन उनकी कार्यशैली, अनुशासनप्रियता और प्रशासनिक दृढ़ता के चलते विरोध धीरे-धीरे समाप्त हो गया। उनके कार्यकाल में जेल के अंदर अनुशासन कायम हुआ और बंदियों के बीच व्यवस्था बेहतर हुई। साथ ही पूर्व में चल रही कथित अवैध वसूली की शिकायतों पर भी प्रभावी अंकुश लगाया गया।



### कैंटीन व्यवस्था में सुधार, बंदियों को मिला लाभ

जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को कैंटीन के माध्यम से आवश्यक सामग्री उचित एवं निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे बंदियों में संतोष का माहौल है। नियमित रूप से सामग्री उपलब्ध होने से व्यवस्थाओं में पारदर्शिता भी बढ़ी है।

### खत्म हुआ वीआईपी कल्चर -

सूत्रों के अनुसार पहले जेल में विशेष मिलाई और कथित रूप से कुछ बंदियों को प्राथमिकता दिए जाने की शिकायतें सामने आती थीं। नई आमद पर वसूली जैसी परंपराओं की भी चर्चा होती रही थी। योगेन्द्र पमार ने पदभार ग्रहण करते ही ऐसी व्यवस्थाओं पर रोक लगाते हुए वीआईपी कल्चर समाप्त कर दिया और सभी बंदियों के लिए समान नियम लागू किए।

वर्तमान में सजायाफ्ता बंदियों की मिलाई सप्ताह में एक दिन तथा विचाराधीन बंदियों की मिलाई सप्ताह में दो दिन निर्धारित नियमों के अनुसार कराई जा रही है। इससे बंदियों एवं उनके परिजनों को सुविधा मिल रही है और किसी प्रकार की भेदभावपूर्ण व्यवस्था की शिकायत सामने नहीं आ रही है।

जेल मुख्यालय ने योगेन्द्र पमार के पांच माह के कार्यकाल को संतोषजनक ही नहीं, बल्कि बेहतर प्रशासनिक उपलब्धियों वाला माना है। यही वजह है कि उन्हें अब स्थायी रूप से जिला जेल छतरपुर की जिम्मेदारी सौंपते हुए उनके कार्यों पर भरोसा जताया गया है। जिला जेल में उनके नेतृत्व में किए गए सुधारों की चर्चा प्रशासनिक हलकों में भी हो रही है।

जेलर योगेन्द्र पमार के आने के पहले जेल में स्टाफ के बीच ही काफी गुटबाजी चल रही थी और यह गुटबाजी बंदियों से अबैध बसूली को लेकर ही थी, लेकिन जब योगेन्द्र पमार ने इस अबैध बसूली पर शिकंजा कसा तो अपने आप जेल स्टाफ की गुटबाजी खत्म हो गई और सभी जेल कर्मचारियों की नियमित बाहर भीतर डयूटी लगाई जाने लगी। उनके आने के बाद जेल के अंदर कैदियों के बीच किसी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है, जबकि उनके आने के पहले कई घटनाएं घटित हो चुकी थी।

जेल प्रशासन द्वारा सब जेल बिजावर में नागौद सब जेल से आए कमलेश राय सहायक जेल अधीक्षक की पदस्थापना की गई और सब जेल लवकुशनगर में सब जेल विजावर से मुकेश कुमार मांझी सहायक जेल अधीक्षक के रूप में जेल प्रशासन द्वारा पदस्थापना की गई है और लवकुशनगर सब जेल में पदस्थ रहे सहायक जेल अधीक्षक अनिल पाठक का ट्रांसफर जेल प्रशासन द्वारा सिहोरा किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छतरपुर पुलिस ने किया सामूहिक योगाभ्यास



छतरपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर छतरपुर पुलिस द्वारा जिलेभर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यालय स्थित यातायात परिसर सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान कोलकाता से आयोजित राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया और योग के महत्व को समझा।

थाना यातायात परिसर, छतरपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली को भी बढ़ावा देता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है तथा कार्यक्षमता और एकाग्रता में वृद्धि होती है।

# खजुराहो में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**खजुराहो। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिमी मंदिर समूह स्थित कंदारिया महादेव मंदिर प्रांगण योगमय हो गया। स्वस्थ आयु थीम पर आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, छतरपुर विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से प्रसारित संबोधन का लाइव प्रसारण भी उपस्थित लोगों को दिखाया गया। इसके बाद योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित योग करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नियमित योगाभ्यास का उल्लेख करते हुए कहा कि योग अनेक बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम है तथा स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर देश की प्रथम महिला पखावज वादक चित्रांगना आगल रेशवाल द्वारा समूह पखावज वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया और उपस्थित लोगों ने तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। योग, संस्कृति और स्वास्थ्य के अनूठे संगम ने खजुराहो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह को यादगार बना दिया।

# गांधी आश्रम में रंगमंचीय कार्यशाला के लिए ऑडिशन आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाई अभिनय प्रतिभा

छतरपुर। शहर के गांधी आश्रम में रविवार को प्रस्तुतिपरक अभिनय रंगमंचीय कार्यशाला के लिए ऑडिशन आयोजित किए गए। मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस आयोजन में छतरपुर शहर एवं जिले के स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अभिनय, संवाद प्रस्तुति और मंचीय अभिव्यक्ति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




आयोजकों के अनुसार ऑडिशन में चयनित प्रतिभागियों को 23 जून से प्रारंभ होने वाली 25 दिवसीय निशुल्क रंगमंचीय कार्यशाला में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को अभिनय कला, संवाद अदायगी, मंच संचालन तथा रंगमंच की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को नाटक के मंचन के माध्यम से अपनी कला और प्रतिभा दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर भी मिलेगा। कार्यशाला के लिए केवल 30 सीटें निर्धारित की गई हैं, जिसके चलते चयन प्रक्रिया के लिए ऑडिशन आयोजित किए गए।

स्थानीय स्तर पर बिना किसी अतिरिक्त खर्च के इस प्रकार का प्रशिक्षण उपलब्ध होने से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके अभिनय कौशल को निखारने और रंगमंच की बारीकियों को सीखने का एक सुनहरा अवसर है।

# यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में योग का आयोजन, विधायक ने की योगशाला निर्माण की घोषणा

छतरपुर।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम नौगांव में सामूहिक योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह रहे। उनके साथ एसडीएम गोपाल शरण पटेल, नगर पालिका सीएमओ आर.एस. अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, तहसीलदार रमेश कोल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर अतिथियों ने नागरिकों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि योग स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने स्टेडियम के विकास की घोषणा करते हुए बताया कि भविष्य में राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम का विस्तार किया जाएगा तथा महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग योगशाला भवनों का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित नागरिकों ने योग को अपनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया।





### सटई में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ शाखा सटई एवं नगर पालिका परिषद सटई के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी जागरूकता प्रदर्शित की। इस अवसर पर टीआई श्रीमती सुनीता विदुवा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती माया राजेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, हाई सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य सुशीला वर्मा, सोनी समाज उपाध्यक्ष नरेश सोनी, आरएसएस कार्यकर्ता अज्ञात जैन एवं पत्रकार ऋषि असाटी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक खंड कार्यवाह शोभाराम विश्वकर्मा द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। वहीं ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से बिजावर उपसेवा केंद्र की संचालिका बीके प्रीति दीदी ने योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता के क्षेत्र में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

### हनुमान टोरिया मंदिर में सामूहिक योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हनुमान टोरिया मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी एवं योगा स्टार परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन एवं निरोगी भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, जिला महामंत्री अरविंद त्रिपाठी, विवेक उप्पल, पूर्व जिला महामंत्री जयराम चतुर्वेदी, सुरेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष विनय पटेरिया, विवेक जैन, अंकित विश्वकर्मा, उमा बुन्देला, कमलेश राय एवं मंडल अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

25वीं मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन छतरपुर द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को धुबेला परिसर में उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ जीवन के लिए योग आवश्यक है रही, जिसका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन थापा की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पीआई स्टाफ, पूर्व सैनिकों एवं लगभग 400 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। कर्नल नितिन थापा ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोडऩे वाला प्राचीन विज्ञान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की भागदौड़ भरी जीवनशैली में स्वस्थ एवं सक्रिय रहने के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है।

### मुहर्रम पर्व को लेकर खजुराहो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



खजुराहो। आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से खजुराहो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक खजुराहो एसडीओपी मनमोहन बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी नंद किशोर सोलंकी द्वारा संपन्न कराई गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भावना के साथ मनाने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया।बैठक में खजुराहो व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश सोनी, गौरव अग्रवाल, अधिवक्ता महिपाल सिंह, श्याम बाबू वकील, होटल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश तिवारी, संजू शुक्ला (विश्व हिंदू परिषद), नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, संजय रैकवार, शेख रमजान सदर, फुरकान अली, शेख यूसुफ (पूर्व सदर), मुन्नी चच्चा सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ मनाने का संकल्प लिया तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल थाने को दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

# कलेक्टर-एसपी ने नीट परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय सहित छतरपुर शहर के 4 केंद्रों का किया निरीक्षण

छतरपुर। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पार्थ जैसवाल तथा पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने रविवार को छतरपुर जिले के सभी 5 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं एवं सीसीटीवी निगरानी का जायजा लिया।कलेक्टर एवं एसपी ने जिले में बनाए गए नीट परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव, शासकीय सांदीपनि विद्यालय छतरपुर, शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.1 एवं शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 02 एवं पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय छतरपुर केन्द्रों पर पहुंचकर चाकचौबंध व्यवस्था के संबंध में लगातार निरीक्षण किया एवं सभी सुरक्षात्मक बिंदुओं का जायजा लिया एवं बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर कंट्रोल रूम में पहुंचकर सीसीटीव्ही निगरानी का जायजा लिया। साथ ही केन्द्रों पर ड्यूटीरत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा गाड्र्स की भी तैनात पाए गए और छात्रों को कोई समस्या ना हो, यह भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश कलेक्टर ने केन्द्र प्रभारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। अभ्यर्थियों को समय पर प्रवेश दिलाने तथा सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित केन्द्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं परीक्षा केंद्र के प्रभारी उपस्थित रहे।




# विश्व योग दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आमजनों के साथ किया योगाभ्यास

## योग शरीर को स्वस्थ रखने की कला है, इसे दिनचर्या में शामिल करें - उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** जिले में 12वां विश्व योग दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल तथा सांसद जनार्दन मिश्र ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया। समारोह में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री कैलाश जाटव, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति, उपाध्यक्ष विन्ध्य विकास प्राधिकरण डॉ. अजय सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने भी सामूहिक योगाभ्यास किया। समारोह में कोलकाता में आयोजित विश्व योग दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने की कला है। योग को दिनचर्या में शामिल करने से हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। महर्षि पतंजलि ने देश व समाज को योग से अवगत कराया। इस प्राचीन ज्ञान को





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पदभार ग्रहण करने के बाद वर्ष 2014 से जनजन तक पहुंचाने का प्रयास किया। बाबा रामदेव ने भी योग को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग आज विश्वव्यापी हो गया है। चीन, जापान से लेकर यूरोप और अमेरिका में बड़ी संख्या में लोग योग से जुड़े हुए हैं। विश्व योग दिवस दुनिया का सामूहिक योगाभ्यास का सबसे बड़ा कार्यक्रम बन गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व भर में लोग योग और ध्यान को अपनाकर भारत को विश्व गुरू के रूप में प्रतिष्ठित कर रहे हैं। योग ने विश्व को शांति और मानसिक संतुलन का मार्ग दिखाया है। हम सब प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट अपने मन और तन को स्वस्थ रखने के लिए योग करें। जब मन में निराशा छा जाती है तो उससे मुक्त होने का मार्ग योग और ध्यान ही दिखाते हैं। हमारा मानसिक संतुलन यदि ठीक न हो तो गलत राह में कदम चले जाते हैं। हम सब स्वयं नियमित योगाभ्यास करें और अपने आसपास के व्यक्तियों को भी इससे जोड़ने का प्रयास करें। हमारी परंपरा पूरी दुनिया को परिवार मानकर शांति बनाए रखने की रही है। विश्व शांति में हम सब मिलकर योगदान दे। विश्व योग दिवस पर जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायतों में भी सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी शिक्षण संस्थाओं तथा आयुष विभाग के आरोग्य मंदिरों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों ने सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास कराया। सामूहिक योगाभ्यास में संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. शिवराम साकेत, जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा सहित विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक पुलिस अधिकारी तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए।

# कफ सीरप के साथ आरोपी गिरिफ्तार, मनगवां पुलिस ने की एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही

रीवा।

पुलिस अधीक्षक रीवा गुरकरन सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) संदीप मिश्रा के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग मनगवां प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनगवां निरीक्षक पुष्पेन्द्र व हमराह पुलिस स्टाफ की मदद से दिनांक 20.06.2026 को विश्वसनीय मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्र. 09 मनगवां निवासी शुभम वर्मा एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में अवैध नशीली कफ सीरप लेकर बैठकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मुखविर से प्राप्त सूचना को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुये थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर मुखविर के बताये गये स्थान पर पहुचकर देखा तो मुखविर द्वारा बताये गये हुलिये का व्यक्ति अपने हाथ में बोरी लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान हमराही पुलिस टीम की सहायता से काफी प्रयास के बाद घेराबन्दी कर व्यक्ति को मय बोरी के साथ पकडा गया पकडे गये व्यक्ति के कब्जे के बोरी की तलाशी ली गई जो बोरी में 39 सीसी अवैध नशीले कफ सीरप बरामद हुई। जो अवैध नशीली कफ सीरप को मौके जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर वापस थाना आये वापसी पर आरोपी के विरुद्ध थाना मनगवां में अप.क्र. 370/2026 धारा 8,21,22 NDPS ACT. 5/13 औ.निय.अधि. के तहत कार्यवाही की गई है।जप्ती मसरुका 39 नग अवैध नशीली ओनरेक्स कफ सीरप कीमती 7939 रुपये गिरफ्तार आरोपी शुभम वर्मा पिता राज कुमार वर्मा उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 09 बस स्टैण्ड मनगवां थाना मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)मुख्य भूमिकानिरीक्षक पुष्पेन्द्र मिश्रा, सउनि. धीरेन्द्र सिंह, प्रआर. 559 बलराम पासी, आर. 934 मयंक सिंह, आर. 646 देवेन्द्र गोयल तथा आर.212 अवधराज सिंह की रही

# तेज रफ्तार बाइक 30 फीट गहरी खदान में गिरी, दो युवकों की मौत, तीसरा लापता

**रीवा।** जिले के जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत खबरा गांव के समीप रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार तीसरा युवक घटना के बाद से लापता बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और खतरनाक मोड़ पर बाइक चालक द्वारा नियंत्रण खो देना माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे थे। रविवार दोपहर लगभग तीन बजे जैसे ही उनकी बाइक खबरा गांव के समीप पहुंची, सड़क के अंधे मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। नियंत्रण बिगड़ते ही बाइक सड़क किनारे स्थित लगभग 30 फीट गहरी खदान में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। जनेह थाना पुलिस ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को खदान से बाहर निकलवाया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दो युवकों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार मृतकों में एक युवक की पहचान गजेन्द्र कुमार आदिवासी (25 वर्ष) निवासी लोटार जारी, थाना कौंधियारा, जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। वहीं दूसरे मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार तीसरा युवक हादसे में गंभीर रूप से



घायल नहीं हुआ था, लेकिन घटना के बाद वह मौके से लापता हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि वह भयवश घटनास्थल से चला गया हो, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव उन्हें सौंपे जाएंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई है, वहां सड़क के दोनों ओर गहरी खाइयां और खदानें मौजूद हैं। साथ ही सड़क पर एक खतरनाक अंधा मोड़ है, जहां तेज रफ्तार वाहनों का संतुलन बिगड़ना आम बात है। ग्रामीणों के अनुसार इस स्थान पर पूर्व में भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है।

# नशीली कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार, मनगवां पुलिस की कार्रवाई

रीवा।

जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मनगवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से



39 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7 हजार 939 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश जेल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी मनगवां निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह को 20 जून को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि मनगवां नगर के वार्ड क्रमांक-09 का निवासी शुभम वर्मा सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में बड़ी मात्रा में अवैध नशीली कफ सिरप लेकर ग्राहक की तलाश में बैठा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया तथा पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का एक युवक हाथ में प्लास्टिक की बोरी लिए संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद विधिवत तलाशी कार्रवाई की गई, जिसमें उसके कब्जे से 39 नग अवैध नशीली ओनरेक्स कफ सिरप बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही बरामद नशीली कफ सिरप को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लिया और थाना मनगवां लाया गया। पूछताछ के बाद आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 370/2026 के तहत धारा 8, 21 एवं 22 एनडीपीएस एक्ट तथा औषधि नियंत्रण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शुभम वर्मा (29 वर्ष) पिता राजकुमार वर्मा, निवासी वार्ड क्रमांक-09, बस स्टैंड मनगवां, थाना मनगवां, जिला रीवा के रूप में हुई है।

# आत्मसमर्पण के बाद एनकाउंटर विधि सम्मत राज्य व्यवस्था को तिलांजलि देने जैसा : अजय खरे

## संवेदनहीन व्यवस्था में न्याय नहीं, एनकाउंटर होता है

**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि आत्मसमर्पण के बाद किसी भी व्यक्ति या अपराधी का एनकाउंटर विधि सम्मत राज्य व्यवस्था को तिलांजलि देना है। इस बात को सभी को नोट कर लेना चाहिए कि जब कानून का दुरुपयोग होगा तो देर सबेर इसकी चपेट में हर कोई आएगा। यदि पुलिस विधि सम्मत तरीके से कार्यवाही नहीं करेगी तो उसका दुरुपयोग उसी तरह होगा जैसा अभी हाल में बिहार में भरत तिवारी के साथ हुआ है। आमतौर पर एनकाउंटर से होने वाली किसी मौतों को हम सही नहीं कह सकते हैं। ऐसी मौतें हमेंशा संदेह के दायरे में बनी रहती हैं क्योंकि न्यायिक प्रक्रिया का इसमें पालन नहीं होता है। एनकाउंटर और बुलडोजर बदला लेने वाली कार्रवाई है, इसे न्यायसंगत नहीं कह सकते हैं। लोकतंत्र सेनानी श्री खरे ने कहा कि बिहार राज्य के एक युवक भरत भूषण तिवारी का एनकाउंटर 17 जून 2026 को भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव में हुआ। आत्मसमर्पण करने के बाद पुलिस ने उसे गोली मारी और इलाज के दौरान उसकी मौत की खानापूर्ति कर दी। बताया जा रहा है कि गांव की समस्याओं को लेकर लोगों का काम कराने में होने वाली लेट लतीफी को लेकर कभी कभी प्रशासनिक अधिकारियों से उसकी नोक झोंक हो जाती थी। एक तरह की बातों को लेकर उस पर दबाव बनाने जब पुलिस उसके घर पहुंची तो उसने रिवाल्वर तानकर आक्रोश व्यक्त किया था। निश्चित रूप से उसकी यह हरकत गैर कानूनी और गलत थी। यदि इस मामले में पुलिस वाले उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज देते तो कुछ गलत नहीं होता लेकिन यहां पुलिस ने भरत तिवारी को आत्मसमर्पण कराके गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय ले जाने के बजाय उसी गांव में एनकाउंटर के नाम पर मार डाला। सुनने में यह भी आया कि पुलिस ने अपने बचाव में उसे मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया है। ऐसी स्थिति में भरत तिवारी पूरी तरह सहानुभूति का पात्र होना चाहिए। इस संबंध में उसके मानसिक इलाज के लिए पहल होना चाहिए थी। पुलिस प्रशासन के द्वारा उसका मेडिकल चेकअप कराकर डॉक्टर अभिमत पर उसका इलाज होना चाहिए था, ना कि उसे पागल हाथी की तरह मार डालने की अप्रिय घटना को अंजाम देना चाहिए था। यह बात बहुत आपत्तिजनक और मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाना है। श्री खरे ने कहा कि एनकाउंटर मामले में लोगों की संवेदनाएं खत्म नहीं होना चाहिए। किसी मामले में लोगों का आक्रोश उमड़ता है तो दूसरे मामले में धर्म और जाति के आधार पर उसे अनदेखा किया जाता है। गलत को गलत कहने का साहस होना चाहिए। संवेदनहीन व्यवस्था में न्याय नहीं, एनकाउंटर होता है।

# शहर में 13 केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच हुई नीट परीक्षा, मेटल डिटेक्टर से जांच, अतिरिक्त सीसीटीवी और कंट्रोल रूम से रखी गई नजर 4,833 अभ्यर्थी हुए शामिल, 566 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**रीवा।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले में अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। गत वर्ष देशभर में सामने आए पेपर लीक प्रकरण के बाद इस बार केंद्र सरकार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और जिला प्रशासन ने परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। रीवा जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में कुल 5,399 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 4,833 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 566 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। प्रश्नपत्रों को बैंक से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए लगभग 50 वाहनों का काफिला लगाया गया, जिसमें पुलिस बल, अर्धसैनिक बल तथा प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष निगरानी रही। प्रश्नपत्र वितरण की पूरी प्रक्रिया को सुरक्षा घेरे में संपन्न कराया गया। शहर के सिरमौर चौराहा स्थित बैंक में प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखा गया था। रविवार सुबह प्रश्नपत्रों को केंद्रों तक पहुंचाने से पहले बैंक के आसपास की सभी प्रमुख सड़कों पर सुरक्षा घेरा बना दिया गया। इस दौरान पुलिस, अर्धसैनिक बल, प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियों के जवान पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहे। प्रश्नपत्रों को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सीलबंद वाहनों में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। शहर में टीआरएस कॉलेज, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, एसके स्कूल, पीके सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 एवं 2, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 एवं 2, मार्तण्ड उत्कृष्ट







विद्यालय क्रमांक-1 एवं 2, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय विधि महाविद्यालय तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित हुई। अभ्यर्थियों को सुबह 11:30 बजे से परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर और मैनुअल फ्रिस्किंग के माध्यम से सघन जांच की गई। एनटीए के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थियों के कपड़ों में लगी धातु की चेन, बटन, आभूषण, कड़े, कलावा तथा अन्य धातु सामग्री बाहर ही उतरवा ली गई।कई केंद्रों पर सुरक्षा जांच इतनी सख्त रही कि परीक्षार्थियों की पैंट की चेन और धातु के बटन तक प्लास और पेचकस की सहायता से हटाए गए। कड़ी जांच प्रक्रिया के कारण कुछ केंद्रों के बाहर शुरुआती समय में भीड़ और हल्की अफरा-तफरी की स्थिति भी देखने को मिली, हालांकि बाद में व्यवस्थाएं सामान्य हो गईं।

### हर केंद्र पर एएसआई स्तर के अधिकारी तैनात

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन में परीक्षा संचालन की सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कम से कम एक एएसआई स्तर के अधिकारी को सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया गया था। इसके अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल और अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई। सुरक्षा व्यवस्था में लगभग 50 प्रतिशत महिला पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया ताकि महिला अभ्यर्थियों की जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### कंट्रोल रूम से हुई लाइव मॉनिटरिंग

परीक्षा की निगरानी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। यहां से जिले के सभी 13 परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। कंट्रोल रूम में डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी जिवेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

परीक्षा केंद्रों में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी सहायता से प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की जा रही थी।

### केंद्रों के आसपास प्रतिबंधित रही गतिविधियां

परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ और गतिविधियों पर रोक लगाई गई थी। केंद्रों के समीप केवल अभिभावकों के रुकने की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा कारणों से कई संवेदनशील मार्गों पर यातायात का आंशिक नियंत्रण भी किया गया।

### अभिभावकों के लिए विशेष इंतजाम

भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के लिए विशेष पंडाल लगाए थे। यहां शुद्ध पेयजल, ग्लूकोज और ओआरएस की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई थीं ताकि परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### सुरक्षा के साथ सिस्टम की भी हुई परीक्षानीट-

यूजी परीक्षा को लेकर इस बार केवल विद्यार्थियों की ही नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र की भी परीक्षा मानी जा रही थी। पेपर लीक जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। रीवा जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न होने पर प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया है।

# मऊगंज में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## विधायक, कलेक्टर और एसपी ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**मऊगंज** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का कोलकाता से लाइव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित प्रतिभागियों ने देखा एवं सुना। प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेश के उपरांत सभी ने सामूहिक योगाभ्यास किया।



कार्यक्रम में देवतालब विधायक गिरीश गौतम, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विधायक गौतम ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वयं एवं अपने परिवार को स्वस्थ एवं निरोग रखा जा सकता है। योग के साथ नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर एवं शपथ कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

# सांसद एवं कलेक्टर ने गौशाला का किया निरीक्षण बायोगैस संयंत्र के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा

**मऊगंज** जिले के ग्राम पंचायत रकरी स्थित गौशाला का निरीक्षण सांसद जनार्दन मिश्रा एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए वहां संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान सांसद एवं कलेक्टर ने गौशाला का संचालन कर रही कमल सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से चर्चा कर गौवंश के संरक्षण, देखभाल एवं गौशाला संचालन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए गौसंरक्षण के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। गौशाला परिसर में संचालित आजीविका गतिविधियों का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया गया, जो हाथ से पीसकर मसाला निर्माण का कार्य कर रही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे स्वावलंबन एवं आजीविका संवर्धन के प्रयासों की प्रशंसा की गई तथा उनके उत्पादों के विपणन एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया गया निरीक्षण के दौरान सांसद ने गौशाला में जैविक एवं सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोबर गैस (बायोगैस) संयंत्र स्थापित करने के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बायोगैस संयंत्र की स्थापना से गौशाला की उपयोगिता बढ़ेगी, स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा तथा गोबर के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के दौरान गौशाला के समुचित संचालन, गौवंश के संरक्षण तथा स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के निर्देश दिए गए। सांसद, कलेक्टर तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने गौपूजन और पौधारोपण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, कमल सेवा समिति के सदस्य एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

